# गलियों के हालात खराब, स्वच्छता अभियान पर लाखों खर्च

**खास बातें**

- वार्डों में नहीं होती महीनों सफाई
- नपा के अधिकारी नहीं पहुंचते फील्ड में

**सौदान सिंह यादव**
**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 11 नवम्बर, नगर में जहां भी गरीबों की बस्तियां हैं वहां सड़क नालिया नहीं बन रही है जहां बनी है वहां महीनों तक सफाई नहीं होती निर्माणाधीन मकानों का अन उपयोगी मटेरियल पड़ा रहता है. सफाई कामगार कहते हैं.मटेरियल उठाने का काम हमारा नहीं है.नगर पालिका में पदस्थ इंजीनियर कभी मौके पर पहुंचकर नहीं देखते कहां क्या स्थिति बनी हुई है.**

वार्ड 3 नई बस्ती जहां अधिकांश अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग के लोग रहते हैं. वहां नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले 3 वर्षों में कोई कार्य नहीं कराया गया.जबकि पिछड़ी बस्तियों के लिए पृथक से राशि आती है.इस वार्ड में जहां-जहां सड़क बनाने की जरूरत है. वह फाइल पिछले तीन वर्षों से धूल खा रही हैं और जहां जरूरत नहीं है.वहां सीमेंट कंक्रीट की सड़क पर फिर से सड़क बनाने के अनेक उदाहरण है.प्रभावशाली लोगों के हिसाब से निर्माण कार्य होते हैं.कई बार नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार लोग वार्ड में पहुंचकर निरीक्षण भी कर चुके हैं.आश्वासन भी लगातार मिलते रहे हैं अब कार्य होगा जब कार्य होगा. राशि आ रही है.अन्य वार्डों के लिए धनराशि आ जाती है.

गरीबों की बस्तियों के लिए नहीं आती वो लोग इस तरह की बात करते हैं जिन्हें नगर पालिका एक्ट की कोई जानकारी नहीं होती. कितना बजट आया और वह कहां-कहां उपयोग होगा. किस मद का पैसा कहां खर्च किया जा रहा है.इससे किसी को कोई लेना देना नहीं रहता मैं चाहे जो करूं मेरी मर्जी, यह स्थिति बनी हुई है.



## पाराशरी का सौंदर्यीकरण भी अधूरा

पाराशरी नदी की चौड़ाई बढ़ाने का कार्य 2 वर्ष पहले शुरू हुआ था.पर्यावरण के प्रति चिंतित संस्था पंचतत्व द्वारा पाराशरी नदी कायाकल्प अभियान शुरू किया गया था.नगर पालिका में पदस्थ अधिकारी जैसे तैसे अपना समय निकाल रहे हैं. हालात बहुत खराब है.नगर पालिका परिषद एक्ट नियम शर्तों का पालन नहीं हो रहा है. पाराशरी नदी का सौंदर्य करण होना था जिसके लिए पाराशरी नदी का चौड़ीकरण और गहरीकरण होना था जेसीबी मशीनों से आधा अधूरा कार्य करके छोड़ दिया. पाराशरी नदी की हालात और खराब हो गई पानी का बहाव रुक गया तकनीकी रूप से कोई कार्य नहीं हुआ.

## वार्ड के हालात भी खराब

मकान के सामने खाली प्लाट मुसीबत बने हुए हैं.वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती में जगह जगह पानी रुका हुआ है.नाली न होने के कारण मच्छरों से लोग परेशान है.तरह-तरह की बीमारियां रोग फैल रहे हैं दगी के कारण.



## नाले मारते बदबू,मृत पड़े जीव जंतु

रामनगर वार्ड 1 से जो नाला निकला है उसका रुका हुआ पानी बदबू मार रहा है.क्योंकि बहाव नहीं है जहरीले जीव जंतु मृत पड़े हैं इससे पानी जहरीला हो गया है.पशु गिर जाते हैं.इस गटर नाले में लाखों रुपए खर्च भी हो गए और पहले से खराब स्थिति में नाला हो गया. इसके लिए कौन जिम्मेदार है एक तरह से यह आर्थिक अपराध है.नगर पालिका के अधिकारी और इंजीनियर इसके लिए दोषी माने जाएंगे.

## प्रचार-प्रसार खूब, धन की हुई बर्बादी-पूर्व विधायक

पूर्व विधायक निशंक जैन का कहना है कि नगर पालिका परिषद द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने का प्रचार प्रसार खूब किया जा रहा है. जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है पिछड़ी बस्तियों की निर्माण कार्यों में उपेक्षा पक्षपात की शिकायतें मिल रही है.पाराशरी नदी की कायाकल्प करने का खूब प्रचार प्रसार किया गया था लोगों को आशा थी.पाराशरी नदी का अब स्वरूप ही बदल जाएगा कायाकल्प अभियान के तहत परंतु ऐसा नहीं हुआ धन की बर्बादी हुई और स्थिति पहले से बदतर हो गई क्या यही है.कायाकल्प अभियान कोई सुनने देखने वाला नहीं है.

# ट्रक बाइक की हुई भिड़ंत, दो घायल

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 11 नवम्बर, इमलानी रोड पर मंगलवार को एक ट्रक और बाइक की भिड़ंत हो गई. जिसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गये. प्रारंभिक तौर पर दोनों घायलों के शिक्षक होने की जानकारी सामने आ रही है. घटना के बाद में घायलों को उपचार के लिये स्थानीय चिकित्सालय लाया गया. जहां से उनको भोपाल रेफर कर दिया गया.**

जानकारी के अनुसार इमलानी रोड पर मंगलवार को एक ट्रक और बाइक की भिड़ंत हो गई. जिसमें बाइक सवार युवक बकर अंसारी और महेंद्र घायल हो गये. घायलों के शिक्षक होने की जानकारी सामने आई है. घटना के बाद घायलों को उपचार के लिये स्थानीय चिकित्सालय लाया गया. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको भोपाल रेफर कर दिया गया.



## पठारी में 3 हुए गंभीर घायल

पठारी थाना अंतर्गत भाल बामोरा और जाजोन के बीच रविवार रात को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार राज कुमार अहिरवार (35) एवं रूपी अहिरवार (30) निवासी शेरपुर भाल बामोरा से पठारी की ओर आ रहे थे, जबकि खजुरिया निवासी एक युवक विपरीत दिशा से भाल बामोरा की ओर जा रहा था.दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर में शेरपुर निवासी एक युवक और खजुरिया निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.तीसरा युवक भी चोटिल हुआ.घटना की सूचना पर 112 चालक पुष्पेंद्र ठाकुर सैनिक गजराज कुर्मी की टीम ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पठारी पहुंचाया.

# नाबालिग बालिका को सकुशल किया दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, जिले में गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की तलाश एवं दस्तयाबी हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना पथरिया पुलिस ने सफलता मिली है. पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिलाया है. जानकारी के अनुसार बीते दिनों थाना पथरिया क्षेत्र अंतर्गत 17 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.**

मामले में सतत खोजबीन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर थाना पथरिया पुलिस ने बालिका को इंदौर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक विजय सिंह, शुभेन्द्र चौहान एवं आरक्षक सोनू राजपूत की सराहनीय भूमिका रही.

## मंडी में उपज की बंपर आवक

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** सिरोंज कृषि उपज मंडी में मंगलवार को करीब 16 हजार 677 बोरा उपज की बंपर आवक हुई. मंडी के हाकम सिंह ने बताया कि सिरोंज कृषि उपज मंडी में मंगलवार को 7 हजार 887 बोरा मक्का एवं 5 हजार 903 बोरा सोयाबीन की आवक रही. मंडी में गेहूं के भाव 2230 रुपए से 3405 रुपए, चना के भाव 4500 रुपए से 5360 रुपए, मसूर के भाव 6135 रुपए से 6700 रुपए, सोयाबीन के भाव 3000 रुपए से 5260 रुपए, सरसों के भाव 5660 रुपए से 6220 रुपए, मक्का के भाव 1100 रुपए से 2525 रुपए, उड़द के भाव 3600 रुपए से 5200 रुपए, बटरी के भाव 3575 रुपए से 4370 रुपए एवं तेवड़ा के भाव 2500 रुपए से 3085 रुपए रहे.

# विद्यार्थियों को दी कानून के बारे में जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, न्यायोत्सव के तहत सिरोंज विधिक सेवा समिति द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडेय ने मां सरस्वती जी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया.**

इस मौके पर न्यायाधीश अंकिता जैन ने छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम और बाल श्रम विरोधी कानूनों, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी. जिला न्यायाधीश विजय कुमार पांडेय ने उपस्थित छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा का महत्व बताया. साथ ही छात्र-छात्राओं को विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारियां दी. कार्यक्रम का संचालन रेखा यादव ने किया. आभार शिक्षक रवि नेमा ने जताया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय पाराशर, संदीप बघेल, रामबाबू कुशवाह सहित विद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

## परमपिता परमेश्वर का ध्यान करो तो जीवन सफल हो जाएगा

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा के तीसरे दिवस ब्रह्मचारिणी तपस्विनी राज योगिनी नीलम दीदी जी ने कहां की यदि मनुष्य को अपना जीवन सफल बनाना है तो परम परमेश्वर महादेव का ध्यान करना होगा तभी आप सभी का जीवन सफल होगा यदि आप 24 घंटे में एक बार भी सच्चे मन से परमपिता परमेश्वर का ध्यान करते हो तो आपका जीवन सफल बन जाएगा. इस दौरान उन्होंने अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग भी कराया एवं योग से होने वाले फायदे भी बताएं.

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत बाल सुरक्षा जागरुकता अभियान जारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान जिले में संचालित किया जा रहा है. इस अभियान का उद्देश्य अपहृत एवं गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश के साथ-साथ बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध तथा जन-जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का संचालन करना है.**

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा रोशनी सिंह तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन आर.के. मिश्र के मार्गदर्शन में थाना पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में बाल सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.मंगलवार को ट्रिनिटी कान्वेंट सी.से. स्कूल विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में मैनेजर सि. अनी विल्स, प्रधानाचार्या सि. जोसफिना के.आर., उप-प्राचार्या सि. बीना तथा तृप्ति भदौरिया, रानी शर्मा, राखी, देवेंद्र रघुवंशी, कृष्ण कुमार शर्मा, राजेश मालवीय सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन महिला प्रधान आरक्षक सुनीता राजपूत एवं आरक्षक मोहित गोस्वामी द्वारा किया गया.कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच' की पहचान, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग एवं डायल 112 तथा महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लैपटॉप और प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक फिल्में प्रदर्शित कर बाल सुरक्षा और आत्मरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को समझाया गया.थाना पुलिस टीमों ने बच्चों को सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध घटना या अनुचित व्यवहार की सूचना तुरंत पुलिस, परिजनों या शिक्षकों को दें तथा इंटरनेट का उपयोग करते समय अनजान कॉल, लिंक या मैसेज से सतर्क रहें.

# 11 ब्राह्मणों द्वारा 11 बार रुद्री पाठ, एक क्विंटल गन्ने के रस से अभिषेक

**दिव्य औषधियों और सुगंधित पुष्पों से पुष्पार्चन, 18 नवंबर को होगी पूर्णाहुति**

**नौलखी में शिवत्व का महा अनुष्ठान, 25 हजार वेद मंत्रों से नित्य रुद्राभिषेक**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर 8 नवंबर से प्रारंभ हुए 11 दिवसीय नर्मदेश्वर महादेव के रुद्राभिषेक के महा अनुष्ठान ने आध्यात्मिक वातावरण को पूरी तरह शिवमय बना दिया है. दिव्य अनुष्ठान में अयोध्या, प्रयागराज के अलावा स्थानीय वेदपाठी प्रकांड 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 25,652 वेद मंत्रों के द्वारा सुबह 9 से दोपहर 1.30 बजे तक एक कुंटल गन्ने के रस से भगवान नर्मदेश्वर महादेव का नित्य रुद्राभिषेक किया जा रहा है. अभिषेक के पश्चात शाम 4 बजे से 1100 बिल्व पत्र, 1100 शमी पत्र, और पांच प्रकार के सुगंधित पुष्पों से भगवान शिव के सहस्त्रनामों से पुष्पार्चन संपन्न हो रहा है.इसके अलावा अयोध्या से आए सात ब्राह्मणों द्वारा सवा लाख कनकधारा स्तोत्र का पाठ किया जा रहा है.महारुद्र अभिषेक के इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति 18 नवंबर को होगी.**

उल्लेखनीय है कि वेत्रवती घाट की तपोभूमि का वातावरण इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ शिव भक्ति में लीन है. वैकुंठवासी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथदास जी महाराज द्वारा स्थापित नौलखी आश्रम में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और भगवान सीताराम जी के नवीन विग्रह की स्थापना के बाद अब दिव्य और भव्य शिव लोक निर्माण की परिकल्पना पवित्र संकल्प के साथ नर्मदेश्वर महादेव के महारुद्राभिषेक से प्रारम्भ हो गई है.नौलखी खालसा के श्री महंत राममनोहर दास जी महाराज के सान्निध्य में आश्रम के विजय हनुमान मंदिर परिसर में अद्वितीय शिवत्व की अनुभूति के साथ सुबह से लेकर देर शाम तक आयोजित हो रहा 11 दिवसीय यह दिव्य अनुष्ठान, भक्तों के हृदय में अध्यात्म की नई ज्योति जगा रहा है. महंत राम मनोहर दास जी महाराज के साथ-साथ प्रतिदिन नए यजमानों के द्वारा अभिषेक पूजन की जाती है. मंगलवार को यजमान रघुवीर सिंह रघुवंशी कालापाठा, एडवोकेट जयंत रघुवंशी एवं भानुसिंह ठाकुर द्वारा रुद्राभिषेक किया गया. पं. केशव शास्त्री के आचार्यत्व में चल रहे रुद्राभिषेक अनुष्ठान के दौरान पंडित संजय पाठक, पंडित अरविन्द अवस्थी, पं.अनिल शर्मा, गौरव शर्मा, राहुल शर्मा सहित अन्य वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा एक लय, स्वर और एक साथ भावभगिमां के साथ वेदों की ध्वनियों से जब वातावरण गूंजता है, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो सृष्टि स्वयं नम: शिवाय का उच्चारण कर रही हो.



## संपूर्ण शक्ति का बीज ही शिवलिंग है-पंडित केशव शास्त्री

अनुष्ठान के दौरान आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने शास्त्रों में वर्णित शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शब्द से उत्पन्न आकाश और आकाश से उत्पन्न सृष्टि का प्रत्येक कण भगवान शिव के तत्व से ही प्रकाशित है. सृष्टि के आरंभ से लेकर उसके संचालन और संहार तक, शिव ही ब्रह्म, विष्णु और रुद्र रूप में विद्यमान रहते हैं. शास्त्रों में कहा गया है.संपूर्ण शक्ति का बीज ही शिवलिंग है. शब्द से उत्पन्न आकाश और आकाश से उत्पन्न सृष्टि का प्रत्येक कण भगवान शिव के तत्व से ही प्रकाशित है.सृष्टि के आरंभ से लेकर उसके संचालन और संहार तक, शिव ही ब्रह्म, विष्णु और रुद्र रूप में विद्यमान रहते हैं. जहां शब्द ही सृष्टि का प्रारंभ है, वहां भगवान शिव की सत्ता उस शब्द की आत्मा है.जैसे आकाश सर्वत्र व्यापक है, वैसे ही शिव तत्व संपूर्ण सृष्टि में व्याप्त है.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## :: सूचना पत्र::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुबंधकर्ता श्रीमति कृष्णा बाई गुप्ता पत्नि स्व. श्री कैलाशनारायण गुप्ता निवासी बासौदा जिला विदिशा म.प्र. का एक मकान नं. 1883 जो कि ग्राम बेहलोट नगर पालिका बासौदा जिला विदिशा विवेकानंद वार्ड लालबाग ऐरिया स्थित जो सर्वे नं. 50/1/2 मिन का अंश है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट में स्थित है जिसकी चतुरसीमा पूर्व में गली, पश्चिम में नामदेव का प्लाट, उत्तर में छुटटनबाई का मकान, दक्षिण में सत्यनारायण जी का मकान, जिसको पूर्व में अनुबंधकर्ता एवं उसके पति स्व. कैलाश नारायण निवासी बासौदा ने पूर्व विक्रेता श्री महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री गणेशराम सिंह निवासी बासौदा जिला विदिशा से दिनांक 18.08.2014 दस्तावेज क. 3466 से क्रय किया था एवं महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उक्त मकान श्री निरंजन पांडे पुत्र श्री धनप्रसाद पांडे से दिनांक 15.07.2013 दस्तावेज क्र. 1288 से क्रय किया था एवं निरंजन पांडे एवं उनकी पत्नि श्रीमति वंदना पांडे द्वारा श्रीमति अरूणिमा शुक्ला पत्नि श्री पवन कुमार से दिनांक 23.08.2011 दस्तावेज क्र. 3377 द्वारा क्रय किया था एवं श्रीमति अरूणिमा शुक्ला द्वारा राजेश माथुर पुत्र श्री मथुरा प्रसाद माथुर से दिनांक 01.03. 1993 दस्तावेज क्र. 2465 से क्रय किया था। यह कि उक्त असल विक्रय पत्र क्रमश: दस्तावेज क्र. 2465 दिनांक 01.03.1993, दस्तावेज क्र. 3377 दिनांक 23.08.2011 कहीं गुम हो गये है। अनुबंधकर्ता ने उक्त मकान अनुबंधग्रहिता कु. दीपिका दांगी पुत्री श्री कैलाश सिंह दांगी निवासी ग्राम मिरगावली जिला विदिशा के पक्ष में 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल का दिनांक 16.10.2025 को विक्रय अनुबंध पत्र कर दिया है। यह कि अनुबंधग्रहिता उक्त संपत्ति को खरीदने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. एच.एफ.सी. लि. से उक्त संपत्ति बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि उक्त संपत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति या बैंक या संस्था या वित्तीय संस्थान को अधिकार सम्बधी, स्वत्व सम्बधी उत्तराधिकार संबंधी आदि को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय
**नरेन्द्र दांगी एडवाकेट**
किरी मोहल्ला विदिशा मो. नं. 9589780955

**बैठक** | **मंडी के आसपास सड़कों पर सीजन में लगता जाम, कई कार्यालय, बैंक, बस स्टैंड है मंडी के आसपास**

# मंडी रोड पर जाम से निजात दिलाने हुआ मंथन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, सिरोंज मंडी में इन दिनों भारी आवक के चलते मंडी रोड एवं आसपास के मार्गों पर लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है. इस क्षेत्र में कई बैंक, बस स्टैंड, सब्जी मंडी सहित कई प्रमुख संस्थान है. जहां पर प्रतिदिन बड़ी तादाद में लोगों का आना-जाना लगा रहता है. लेकिन मंडी के आसपास के क्षेत्र की सड़कों पर सीजन में जाम लगने के कारण लोग परेशान होते दिखाई देते हैं. जिसके बाद मंडी रोड एवं आसपास के रोड पर जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन, मंडी प्रशासन एवं अनाज व्यापारियों ने चर्चा की.**

स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को पुलिस प्रशासन, मंडी प्रशासन एवं थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के व्यापारियों की एक बैठक हुई. जिसमे बस स्टैंड और मंडी रोड के आसपास लगने वाले भारी जाम की समस्या के निराकरण को लेकर करीब एक घंटे तक विचार विमर्श किया गया. इस दौरान बैठक में मौजूद लोगों द्वारा विभिन्न सुझाव भी दिये गये. बैठक के उपरांत थाना प्रभारी विमलेश राय, यातायात प्रभारी रितेश बाघेला, मंडी निरीक्षक धन सिंह और थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के व्यापारियों ने किसानों की उपज की नीलामी एवं तौल स्थलों का देर रात तक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मंडी रोड एवं मंडी के आसपास के रोड पर जाम की समस्या के निराकरण को लेकर विचार विमर्श किया. जिससे सिरोंज की आम जनता और किसानों को मंडी क्षेत्र में व्याप्त भारी जाम की समस्या से निजात मिल सके. थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि मंडी के आसपास जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभिन्न सुझाव दिये गये. इस मौके पर मंडी के बड़े व्यापारियों को तौल कराने के लिये अलग स्थान निर्धारित किया गया. जिससे इस रोड पर यातायात का भार कम हो सके. साथ ही बेगमबाग से सीधे मार्ग से ट्रॉली धीरे-धीरे कर भेजने का सुझाव दिया गया. मंडी के अंदर कांटा लगने से होगी परेशानी



## थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ

सिरोंज अध्यक्ष समीर भार्गव ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंडी के बाहर सब्जी मंडी में धर्मकांटा लगाने की सहमति व्यापार संघ ने दी थी. लेकिन उसको अंदर लगाया गया. उन्होंने कहा कि मंडी क्षेत्र में शाम तक जाम हट जाता था. लेकिन इस निर्णय के कारण सिरोंज थाने से नगरपालिका, बस स्टैंड और मंडी तक देर रात तक जाम लगने की आशंका है. बैठक में थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज अध्यक्ष समीर भार्गव, राजेश मित्तल, कमलेश जैन, प्रियंक जैन, गगन तारण, पप्पू साहू, लोकेश जैन, मनीष जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे.



### मंडी के आसपास आये दिन लगता जाम

मंडी में भारी आवक होने पर मंडी के आसपास के क्षेत्रों में जाम जैसे हालात बन जाते है. जिसके चलते इन क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बुरी तरह ठप्प हो जाती है. मंडी मार्ग पर ही कई कार्यालय, बैंक एवं दुकानें हैं. यहां पर लोगों का आना-जाना लगा रहता है. ऐसे में हालात ओर भी बदतर हो जाते हैं. मंडी के पास में ही बस स्टैंड होने से मंडी रोड पर प्रतिदिन बड़ी तादाद में बसों एवं अन्य वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. ऐसे में मंडी रोड पर जाम जैसे हालात बनने से लोग काफी परेशान होते हैं.

### मंडी के समीप में है कई बैंक, कार्यालय, बस स्टैंड

मंडी के पास में ही कई बैंक, कार्यालय, नवीन बस स्टैंड एवं स्कूल आदि भी है. प्रतिदिन नवीन बस स्टैंड के कारण बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन मंडी रोड से होता है. साथ ही बैंक, कार्यालय, स्कूल आदि समीप होने के कारण बड़ी तादाद में लोगों का आना-जाना लगा रहता है. शहर के बीच में कृषि उपज मंडी होने से मंडी रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर से गुजरने वाले लोगों को सीजन में जाम के कारण काफी परेशानी होती है.

# कृषि विभाग ने सुपर सीडर सहित आधुनिक यंत्रों से नरवाई प्रबंधन का किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सांची,सांची जनपद के ग्राम बागोद में कृषि विभाग द्वारा पराली ( नरवाई ) प्रबंधन विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कलेक्टर के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि के.पी. भगत ने किसानों से धान की पराली नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं, पर्यावरण प्रदूषित होता है और अग्नि दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है.**उन्होंने सुझाव दिया कि पराली को जलाने के बजाय सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर जैसे यंत्रों से मिट्टी में मिलाना अधिक लाभदायक है, जिससे भूमि में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है और फसल उत्पादन बेहतर होता है.सहायक संचालक सुनील सोने ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की, जिसमें गाय का गोबर, गौमूत्र, भूसा और नीम पत्तियों का उपयोग कर जैविक अनाज उत्पादन संभव है.सहायक कृषि यंत्री बी.एस. कोठारी ने ग्राम में आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाकर उनकी कार्यप्रणाली समझाई. ग्राम के किसान जुबेर रहमान के खेत में सुपर सीडर चलाकर प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर कृषकों ने प्रसन्नता जताई और भविष्य में इन यंत्रों के उपयोग की सहमति दी.

# जनसुनवाई में 150 आवेदनों में से 80 का हुआ निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान हो रहा है. मंगलवार 11 नवम्बर को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 150 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है. जिसमें से मौके पर 80 आवेदनो का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए हैं. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अनुभा जैन, सुश्री निकिता तिवारी के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे.